वाराणसी में 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो

■ नमो घाट पर पीएम मोदी, सीएम योगी और राजनाथ सिंह रहे मौजूद

वाराणसी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रविवारको वाराणसी का आसमान भारतीय वायु सेना की युद्धक क्षमता, आधुनिकीकरण और तकनीकी प्रगति का साक्षी बना। 'विंग्स ओवर गंगा' के जरिए भारतीय वायु सेना ने यह प्रदर्शित किया कि वह पारंपरिक हवाई शक्ति के साथ-साथ आधुनिक युद्ध की बदलती चुनौतियों के लिए भी अपनी क्षमताओं को लगातार विकसित कर रही है। गंगा के तट पर यह आयोजन भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, आधुनिक हथियारों, पायलटों के कौशल और तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त तालमेल को एक साथ प्रस्तुत करने वाला खास प्रदर्शन रहा। प्रधानमंत्री एयर शो में शामिल होने के लिए रोड शो करते हुए नमो घाट तक पहुंचे।



वाराणसी में गंगा के तट पर भारतीय वायु सेना की ताकत, आधुनिक तकनीक और युद्धक तैयारियों का शानदार प्रदर्शन हुआ। नमो घाट पर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के समापन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वायु सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष हवाई प्रदर्शन में देश की हवाई शक्ति से लेकर भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयारियों तक की झलक देखने को मिली। भारतीय वायु सेना ने इस एयर शो के जरिए केवल पारंपरिक फ्लाईपास्ट नहीं, बल्कि वास्तविक युद्ध परिस्थितियों से प्रेरित अभ्यासों और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आज के इस अंतिम कार्यक्रम में लड़ाकू विमानों की विशेष फॉर्मेशन, हवाई युद्ध का सिमुलेशन, अत्याधुनिक सेंसर तकनीक और एरोबैटिक टीमों के करतब प्रमुख आकर्षण रहे।

इस बड़े हवाई प्रदर्शन के लिए देश के 12 एयरबेस से करीब 100 विमानों की भागीदारी निर्धारित की गई। इनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हैं। इस अभियान में भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच सटीक तालमेल भी देखने को मिला।

इस प्रदर्शन का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की संयुक्त क्षमता, आधुनिक युद्ध प्रणालियों और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय को प्रदर्शित करना है।

इमरान मसूद, इमरान प्रतापगढ़ी और मोहिबुल्ला नदवी के खिलाफ केस दर्ज

नयी दिल्ली (एजेंसी)। जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी प्रशासन की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने ट्रेस पासिंग का मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, इमरान प्रतापगढ़ी और समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्ला नदवी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जान लें कि दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में पिछले 14 दिनों से स्टूडेंट प्रोटेस्ट कर रहे हैं। वे कैंपस में छात्र संघ चुनाव बहाल करने की डिमांड को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। लेकिन इस बीच जामिया यूनिवर्सिटी से कुछ ऐसी फोटोज सामने आईं, जिसे देखकर हर कोई हैरान है।

बता दें कि हाल में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की दीवारों पर कई भड़काऊ और देश विरोधी नारे लिखे गए थे। किसी नारे में शरजील इमाम की रिहाई की डिमांड की गई तो कहीं कश्मीर को आजाद करने की बात लिखी गई थीं। इसमें आरएसएस और एबीवीपी के विरुद्ध भी कई भड़काऊ स्लोगन लिखे गए थे। यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स का कहना है कि ये किसी बाहरी तत्व का काम है। लेकिन प्रश्न है कि आखिर इतने बड़े पैमाने में किस बाहर वाले ने आकर ये नारे लिखे। कौन है जो भारत में अराजकता और नफरत का माहौल खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। ट्रेस पासिंग का अर्थ किसी दूसरे व्यक्ति की प्राइवेट प्रॉपर्टी, जमीन या घर में बिना इजाजत के अवैध तौर पर एंट्री करना या दखल देना होता है। इससे पहले, बीते 23 अक्टूबर को इमरान मसूद जामिय मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी गए थे और उन्होंने विवादित नारों की निंदा की थी।



चौरसिया समाज का 25 वां सामूहिक विवाह समारोह 28 फरवरी को तैयारियां शुरू

कानपुर। अखिल भारतीय चौरसिया समाज का 25वां सामूहिक विवाह एवं परिवार मिलन समारोह 28 फरवरी 2027 को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन संस्कार लान, डॉक्टर चिरंजी लाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, किदवई नगर कानपुर में होगा। रविवार को समारोह की तैयारी के संबंध में पीएसी मोड़ स्थित आरके गैलेक्सी रेस्टोरेंट में बैठक हुई। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सदस्यों ने विचार रखें, जिन पर विचार विमर्श हुआ। समाज के राष्ट्रीय संरक्षक आनंद चौरसिया ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। बैठक में अजीत चौरसिया,कैलाश नारायण चौरसिया, एसके चौरसिया, अमित, समाज की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुखवाती चौरसिया, चंदा, शिवानी, नीलम, रीना, पिंकी, ममता रमेश, किशन गोपाल, मनोज, पवन, रवींद्र, अरविंद, चौरसिया आदि शामिल रहे।

वायुसेना प्रमुख की पाक को चेतावनी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने रविवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर खुलकर बात की।

एयर चीफ मार्शल ने दुश्मन देश पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर 1200 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में और 200 किलोमीटर भीतर तक भारतीय वायुसेना के सटीक हमलों ने यह साबित कर दिया कि कोई भी लक्ष्य उसकी पहुंच से बाहर नहीं है। वायुसेना प्रमुख की इस टिप्पणी को पाकिस्तान के लिए चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। वायुसेना प्रमुख ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने वायुसेना के क्षमता-केंद्रित दृष्टिकोण की पुष्टि की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस अभियान ने किसी भी संकट में सबसे पहले कार्रवाई करने वाली शक्ति और दुश्मन को हमला करने से रोकने की प्रभावी सैन्य क्षमता के रूप में वायुसेना की निर्णायक भूमिका की एक बार फिर पुष्टि की है।

हालांकि, वायुसेना प्रमुख ने आगाह किया कि वायुसेना के इस दृष्टिकोण की पुष्टि होने का मतलब यह नहीं है कि हम यहीं रुक जाएं। हमें अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने तथा उनका विस्तार करने की जरूरत है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चार दिन तक इस अभियान की कमान संभालने वाले वायुसेना प्रमुख ने कहा, सैन्य अभियान के स्तर पर यह सीख सबसे अहम है कि हमें हमेशा अपने पास कई विकल्प रखने चाहिए और दुश्मन के अपनी रणनीति बदलने पर तेजी से उसके अनुसार खुद को ढालने की क्षमता बनाए रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा, क्षमता-केंद्रित बल इस मामले में स्वाभाविक रूप से बेहतर होता है क्योंकि वह किसी एक साधन पर निर्भर रहने के बजाय कई तरह के साधनों का इस्तेमाल कर सकता है।

इसी लचीलेपन की वजह से हम जरूरत के अनुसार अपनी जवाबी कार्रवाई तय कर पाए और संघर्ष को बढ़ने से रोकने में सफल रहे। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पिछले साल मई में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों में मौजूद आतंकवादी ढांचे पर सटीक हमले किए। यह 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद से भारत की ओर से सीमा पार की गई सबसे साहसिक सैन्य कार्रवाई थी।

निरंकारी संत समागम में आकर्षण का केन्द्र बनी निरंकारी प्रदर्शनी

नयी दिल्ली (आससे)। निरंकारी संत समागम में आधुनिक तकनीक, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों से सुसज्जित निरंकारी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बनी हुई है। साथ ही निरंकारी माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेश देश-विदेश से आये लाखों श्रद्धालु को भक्ति और आपसी प्रेम के भावों से परिपूर्ण कर रहा है। संत समागम के आज दूसरे दिन विशाल मानव परिवार को संबोधित करते हुये माता सुदीक्षा ने कहा कि जागरूकता केवल बाहरी सजगता तक सीमित नहीं, बल्कि विचारों, व्यवहार और भावनाओं में भी चेतन रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति किसी बाहरी पहचान की मोहताज नहीं, बल्कि प्रेम, विनम्रता, सहनशीलता और सत्य को जीवन में अपनाने से सार्थक होती है। समय के साथ जीवनशैली में बदलाव स्वीकार करते हुए भी सत्य को अपना आधार बनाए रखना चाहिए। सत्संग की सार्थकता तभी है, जब वहां प्राप्त शिक्षाओं को अपने आचरण में उतारा जाए और आत्मसुधार की भावना निरंतर बनी रहे। संत समागम में आधुनिक तकनीक, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों से सुसज्जित निरंकारी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बनी हुई है। इसमें मुख्य प्रदर्शनी, बाल प्रदर्शनी और एसएनसीएफ प्रदर्शनी षामिल है। मुख्य प्रदर्शनी-इस प्रदर्शनी में मिशन के इतिहास, आध्यात्मिक यात्रा तथा सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी की मानव कल्याण यात्राओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। बाल प्रदर्शनी-यह प्रदर्शनी बच्चों के मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास पर केंद्रित है। रोचक प्रस्तुतियों के माध्यम से अच्छे संस्कारों, नैतिक मूल्यों एवं जीवनोपयोगी शिक्षाओं को अपनाने का संदेश दिया गया है। एसएनसीएफ प्रदर्शनी-इस प्रदर्शनी में संत निरंकारी मिशन की सामाजिक कल्याण एवं समाज सुधार से जुड़ी गतिविधियों को दर्शाया गया है जिसमें रक्तदान, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक जागरूकता तथा सादे एवं सामूहिक विवाह जैसे प्रयासों के माध्यम से निःस्वार्थ सेवा, मानवता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा प्रदान की गई।

नड्डा-शिवराज से लेकर चिराग ने खरगे को घेरा

पटना (आससे)। पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्दों के इस्तेमाल को लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। इसी मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खरगे, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से माफी मांगने की मांग की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कहना है कि खरगे की टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका आरोप है कि कांग्रेस और राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी के परिवार के प्रति दुर्भावना दिखाने का प्रयास करते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर्गीय पिता के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की जितनी कड़ी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार से हताश कांग्रेस अपनी राजनीतिक खुन्नस प्रधानमंत्री मोदी और उनके परिवार पर अनर्गल टिप्पणियों के माध्यम से निकाल रही है।

देश और दुनिया में मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के अटूट विश्वास से उपजी विपक्ष की बौखलाहट अब उसकी भाषा और व्यवहार में स्पष्ट दिखाई दे रही है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मन बहुत व्यथित है। मल्लिकार्जुन खड़गे जी जैसे वरिष्ठ नेता से अपेक्षा थी कि वे मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करेंगे। प्रधानमंत्री जी के पूज्य पिताजी के बारे में ऐसी अमर्यादित भाषा भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संस्कार, जीवन मूल्यों और शालीनता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पराजित होते-होते कांग्रेस इतनी बौखला गई हैं कि अपना मानसिक संतुलन खो बैठी हैं। मैं सोनिया गांधी जी से पूछना चाहता हूं कि क्या खड़गे जी ने गांधी परिवार के इशारे पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया? यदि नहीं, तो क्या कांग्रेस उनसे इस्तीफा लेगी?

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार सभ्यता की जननी है, ऐसे में बिहार की धरती से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा और पद की गरिमा का सम्मान बनाए रखना जरूरी है।

एक नवंबर की रैली में जुटें लोग : राहुल गांधी

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली में शामिल होने की अपील की है। यह रैली चुनाव आयोग की कथित अनियमितताओं के विरोध में आयोजित की जा रही है।

राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मतदाता सूचियों से नाम काटे जा रहे हैं और नियम-कानून तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलाई गईं। राहुल ने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों सहित लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों से रैली में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा और उसके सहयोगियों को रैली का प्रचार करने के लिए धन्यवाद भी दिया।

संघर्षों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से संभव : एस जयशंकर

नयी दिल्ली (आससे)। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा है कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों का समाधान संवाद और कूटनीति से ही संभव है। भारत इसके लिए स्वयं प्रयास कर रहा है और अन्य देशों के साथ सहयोग को भी तैयार है। नई दिल्ली में चिन्मय अमश्त महोत्सव वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति के लिए गंभीर खतरा है। इसे राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करना अस्वीकार्य है। आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों को दृढ़ संकल्प के साथ एकजुट होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि संघर्ष और हिंसा का असर दूर-दराज के समाजों और अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ता है। वैश्विक दक्षिण आज वित्त, ईंधन, खाद्य और उर्वरक के संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक उत्तर को भी इसके समाधान में अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को जोखिममुक्त बनाने और देशों को आपूर्ति के विविध विकल्प उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कृत्रिम मेधा (एआई) पर उन्होंने कहा कि यह व्यापक बदलाव लाने वाली तकनीक है, लेकिन इसका भविष्य केवल कुछ लोगों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता।

प्रथम पृष्ठ का शेष

खरगे के विवादित...

मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, 'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज पटना में मोदी जी के पिताजी के बारे में अभद्र टिप्पणी कर सारी मर्यादाएँ तार-तार कर दी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब कांग्रेस पार्टी ने मोदी जी या उनके परिवार को अपशब्द कहे हों। कभी उनकी पूजनीय माताजी के विषय में अपशब्द कहे, कभी उन्हें 'मौत का सौदागर' कहा, तो कभी 'चायवाला' कहकर उनकी गरीबी का उपहास उड़ाया। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी हर रोज अभद्रता की सीमाएँ पार करती जा रही है।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रविवार को बिहार में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पीएम मोदी, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर निशाना साधना शुरू कर दिया। उनके इन्हीं बयानों के बीच सभागार में बैठा एक शख्स हंगामा करने लगा। तमाम बातों के बाद उसने कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे। इस बात पर अपना आपा खोते हुए खरगे ने कहा,मोदी का बाप भी जाएगा... बाप भी जाएगा मोदी का। इसके बाद सभागार में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे व्यक्ति के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट करके उसे बाहर निकाल दिया गया। खरगे ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को शांत रहने के लिए भी कहा।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जोर देकर कहा कि पीएम मोदी के ऊपर जब भी कांग्रेस पार्टी की तरफ से ऐसी घृणित टिप्पणियां की गई हैं, उसके बाद जनता ने उन करारा जवाब दिया है। गृहमंत्री का इशारा 2007 गुजरात विधानसभा चुनाव और 2014 के लोकसभा चुनाव तथा अन्य चुनावों की तरफ था। इनमें पीएम मोदी को 'मौत का सौदागर' और 'चायवाला' कहा गया। इसके बाद वह एक बड़े अंतर से जीतकर आए। हालांकि, राजनीति में दोनों तरफ से ही वार-पलटवार का दौर लगातार जारी रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा दिए गए बयान की भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी निंदा की। उन्होंने सोशल मीडिया साएट एक्स पर लिखा, आज पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति जिस प्रकार की अमर्यादित और असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया है, वह कांग्रेस के वैचारिक दिवालियापन को दर्शाता है। राजनीतिक विरोध की भी एक गरिमा होती है, लेकिन सार्वजनिक मंच से स्वर्गीय परिजनों को भाषणों में घसीटना ही अब राहुल गांधी और समूचे विपक्ष का असली %संस्कार% बन चुका है। यह खड़गे जी का व्यक्तिगत बयान नहीं, बल्कि पूरी कांग्रेस की शिष्टाचार-विहीन सोच का प्रकटीकरण है। भाजपा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि विपक्ष के पास देश के विकास और नीति को लेकर कोई ठोस मुद्दा नहीं है। इसलिए व्यक्तिगत हमलों का सहारा लिया जा रहा है।

पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा दिए गए इस बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह बयान कांग्रेस की गिरती साख और बढ़ती हताशा को दिखाता है।

खरगे और राहुल गांधी...

के परिवार के प्रति दुर्भावना दिखाने का प्रयास करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और श्री राहुल गांधी जी प्रधानमंत्री जी के पिताजी के खिलाफ अपशब्द का प्रयोग करने को लेकर तुरंत माफी मांगे। उन्होंने कहा कि यह एक तरह से अपराध है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के परिवार के प्रति इस तरह की दुर्भावना के साथ आप राजनीति कर रहे हैं।

कोतवाली थाने में...

आज पटना स्थित बापू सभागार में कांग्रेस के एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के द्वारा पीएम मोदी के पिता संबंध में कथित रूप से अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी किए जाने की जानकारी मिली. इससे हम सभी दुखी और आहत हैं. किसी भी व्यक्ति के परिवार के संबंध में सार्वजनिक मंच से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाना संवेदनशील विषय है. सार्वजनिक जीवन में संवाद की मर्यादा और आपसी सम्मान बनाए रखना जरूरी है.

बीजेपी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णा सिंह कल्लू की ओर से दर्ज कराई गई इस शिकायत में खरगे के बयान से संबंधित खबर, वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच कराने की मांग की गई है. इसमें ये भी कहा गया है कि जांच में किसी कानून के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाए. बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा का हवाला देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर आपत्ति जताई है.

उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना सभी नेताओं की जिम्मेदारी है. प्रधानमंत्री के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल देश की जनता के जनादेश का अपमान है. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय समेत बीजेपी के अन्य नेताओं ने भी खरगे के बयान की आलोचना की है. इसके साथ ही एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं ने भी खरगे के बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है.

ब्योरा देने से चुनाव...

इसे व्यापारिक गोपनीयता और बौद्धिक संपदा से जुड़ा मामला बताया। हालांकि, आयोग ने स्पष्ट किया कि एसआईआर के लिए कोई नया साफ्टवेयर विकसित या खरीदा नहीं गया है।

तेलंगाना के करीमनगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एमए मुजीब अय्यूब ने आरटीआई के तहत साफ्टवेयर, एप्लिकेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्लेटफहर्म का विवरण मांगा था। १६ अक्टूबर को दिए जवाब में आयोग ने कहा कि मतदाताओं को सूची में शामिल करने या हटाने का निर्णय चुनावी पंजीकरण अधिकारी तथ्यों और अभिलेखों के आधार पर लेते हैं। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने आवेदक को आयोग के जवाब के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने की सलाह दी है। मतदाता सूची से कथित तौर पर बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और चुनाव आयोग के साफ्टवेयर तक अधिकारियों की पहुंच सीमित किए जाने के आरापों के बीच यह मामला सामने आया है।

12वां ब्रिक्स संसदीय...

मुलाकात करेंगे। सम्मेलन से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रूस की स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन के नेतश्त्व वाले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों पक्षों ने वैश्विक मंचों पर सहयोग मजबूत करने, आतंकवाद से मुकाबले और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

बिरला ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए रूस के समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतश्त्व में भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी और मजबूत हुई है। उन्होंने संसदीय प्रतिनिधिमंडलों, विशेषकर युवा और महिला सांसदों के नियमित आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर भी बल दिया।

बैठक में परमाणु ऊर्जा, उद्योग, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। वोलोडिन ने द्विपक्षीय व्यापार की बाधाएं दूर करने और संयुक्त व्यापार उपक्रमों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई। बिरला ने कहा कि २०२६ में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित होगी।

लोकसभा अध्यक्ष ने क्यूबा, मिस्र और बेलारूस के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों से भी मुलाकात की। सम्मेलन में लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता जैसे विषयों पर चार उच्चस्तरीय सत्र होंगे। इसके अलावा, ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों की संसदों की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समितियों के अध्यक्षों की विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी। सम्मेलन का समापन २७ अक्टूबर को होगा।

नशीले पदार्थों के...

पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि यह ऑपरेशन 31 दिसंबर, 2029 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के केंद्र सरकार के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश तब तक प्रहार करता रहेगा, जब तक कि नशीले पदार्थों के इन गिरोहों (नार्को-कार्टेल) का पूरी तरह से सफाया नहीं हो जाता। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी एजेंसियों ने 23 अक्टूबर को असम, मिजोरम और मणिपुर में 38 जगहों पर एक साथ छापेमारी की और नशीले पदार्थों के एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह को ध्वस्त कर दिया।

उन्होंने आगे कहा, इस ऑपरेशन में 100 करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन का पता चला, 1,424 बैंक खाते फ्रीज किए गए, 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, और 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि अमित शाह ने पहले नशीले पदार्थों को भारत की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया था और कहा था कि अगर इसे नहीं रोका गया, तो यह देश की तरक्की को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने घोषणा की थी कि केंद्र सरकार दिसंबर 2029 तक देश को नशा मुक्त बना देगी। 21 अक्टूबर को नई दिल्ली में %नेशनल पुलिस मेमोरियल% से दिए गए अपने संदेश में, उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की थी कि वे भारत को नशा मुक्त बनाने और इस खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हों।

उन्होंने कहा था कि पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने भारत के विकास में अहम भूमिका निभाई है, जिसमें नक्सलियों से निपटना और नशीले पदार्थों के खिलाफ देश की लड़ाई शामिल है। शाह ने कहा, ये अमर नायक अपने इस संकल्प पर अडिग रहे कि देश की जमीन का एक इंच भी हिस्सा विदेशी हाथों में नहीं जाना चाहिए, और उन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। तब से, हर साल 21 अक्टूबर को %पुलिस स्मृति दिवस% के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा, कोई सोच भी नहीं सकता कि अगर इन जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान न दिया होता, तो आज हम कहाँ खड़े होते।

'वोकल फॉर लोकल' से...

मोदी ने कहा कि पंजाब में 'खेती विरासत मिशन' नाम की एक संस्था ने ऑर्गेनिक और पारंपरिक कृषि के तौर-तरीकों को नया जीवन देना शुरू किया। इस टीम के लोग पंजाब के मालवा क्षेत्र में कपास की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहते थे। इस पहल को नाम 'नव-त्रिन्जन' दिया गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के आदिवासी समुदायों ने अपने उत्पादों की पैकेजिंग पर बहुत ध्यान दिया है। यहां 'शबरी नेचुरल्स' के जरिए शहद, महुआ, चीड़ और बांस से बने उत्पादों को बाज़ार में लाया जा रहा है। इनकी पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप देखने को मिलती है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस पैकेजिंग को जापान का प्रतिष्ठित 'गुड डिज़ाइन अवार्ड' मिला है।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दीवाली और छठ के पवित्र त्योहार बस कुछ ही दिन दूर हैं। इसके लिए जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। यह जरूरी है कि हम उन जगहों को साफ रखें जहां हम रहते हैं। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें ही हमारे आसपास बड़े बदलाव ला सकती हैं।

मन की बात के 139वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में लोगों ने मिलकर %हेवल% नदी में नई जान फूंकने की कोशिश की है। कुछ समय पहले, हेवल नदी का जलस्तर घटने लगा था और आस-पास के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख रहे थे। इसके जवाब में स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने मिलकर नदी को बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत, बारिश के पानी को संचित करने, भूजल स्तर को फिर से बढ़ाने (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) और बड़ी संख्या में पेड़ लगाने के उपाय किए गए। आज, इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, हेवल नदी फिर से जीवित हो उठी है और दर्जनों प्राकृतिक जल स्रोत भी बहाल हो गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल के तहत यहां बिना केमिकल का इस्तेमाल किए ऑर्गेनिक कपास उगाई जाती है। यहां प्राकृतिक रंगों वाली कपास भी उगाई जाती है, इससे तैयार धागे और कपड़े को रंगने के लिए अलग से केमिकल इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। आप कल्पना कर सकते हैं, इससे पर्यावरण की कितनी बड़ी मदद हो रही है।

जैश-ए-मोहम्मद से...

सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित संगठन के समर्थन में सामग्री साझा करता था। अब जांच का मुख्य केंद्र यह पता लगाना है कि संबंधित सामग्री केवल ऑनलाइन गतिविधियों तक सीमित थी या इसके पीछे किसी संगठित नेटवर्क अथवा अन्य संदिग्ध संपर्कों की भूमिका भी थी।

जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार युवक पिछले करीब दस वर्षों से मुंबई में रह रहा था। माहिम इलाके में वह परफ्यूम बेचने का काम करता था और रैपिडो चालक के रूप में भी काम करता था। परिवार के मुताबिक, छह भाइयों में शामिल मोहम्मद हसन अबू सरमद पहले अपने बड़े भाई के साथ दिल्ली में रहता था। पढ़ाई को लेकर बड़े भाई की डांट के बाद वह मुंबई चला गया था। वहां उसके दो चचेरे भाई भी रहते हैं और वह परफ्यूम की दुकान चलाकर अपना जीवनयापन करता था।

युवक की गिरफ्तारी के बाद परिवार ने उसे गलत तरीके से फंसाए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि उसे बेवजह मामले में घसीटा जा रहा है। हालांकि, परिवार के दावे और पुलिस के आरोपों के बीच वास्तविक स्थिति जांच पूरी होने तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही स्पष्ट हो सकेगी।

एटीएस इस पहलू की भी पड़ताल कर रही है कि आरोपी का किसी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी या कथित एजेंटों से कोई संपर्क था या नहीं। इसके लिए उसके डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन गतिविधियों, सोशल मीडिया संवाद और संदिग्ध संपर्कों की जांच की जा रही है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के आधार पर किसी पाकिस्तानी एजेंसी या उसके एजेंटों से संबंध होने का ठोस प्रमाण सामने आने की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में इस आशंका को फिलहाल जांच का विषय ही माना जाना चाहिए, न कि स्थापित तथ्य। मुंबई एटीएस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) के तहत मामला दर्ज किया है। यह धारा धर्म, भाषा, जन्मस्थान, निवास तथा अन्य निर्धारित आधारों पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने और सद्भाव बिगाड़ने से संबंधित अपराधों से जुड़ी है। इस मामले में संबंधित प्रावधान किस आधार पर लगाया गया है और कथित सोशल मीडिया सामग्री की वास्तविक प्रकृति क्या है, यह जांच और न्यायिक प्रक्रिया के दौरान स्पष्ट होगा। किशनगंज के सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े इस मामले ने सुरक्षा एजेंसियों का ध्यान खींचा है। अब सबकी नजर जांच के नतीजों पर है। डिजिटल साक्ष्यों, कथित ऑनलाइन गतिविधियों और संभावित संपर्कों की पड़ताल से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आरोपी की भूमिका क्या थी। फिलहाल, आरोपों को सिद्ध तथ्य मानना उचित नहीं होगा और आरोपी की दोषसिद्धि का निर्णय न्यायिक प्रक्रिया के तहत ही होगा।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२३
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।